**FORM A**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

| **FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF V V Multiplex Private Limited (formerly known as Vikas Multiplex Developers Private Limited)**<br>**RELEVANT PARTICULARS** | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | V V Multiplex Private Limited (formerly known as Vikas Multiplex Developers Private Limited) |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 29/11/2006 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | ROC-Kanpur |
| 4. | Corporate Identity No. of corporate debtor | U45201UP2006PTC032578 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | **Registered Office:** F.F.-53, First Floor, Ansal Fortune Arcade (AFA) Sector-18 Noida Gautam Buddha Nagar UP 201301 |
| 6. | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 15.06.2023 (copy of order received on 16.06.2023) |
| 7. | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 12.12.2023 |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional | Mr. Sandeep Mahajan,<br>Registration number: **IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631** |
| 9. | Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board | Add: C2/288, Janak Puri, New Delhi- 110058<br>Email: sandeep8mahajan@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | Add: Flat No 409, 4th Floor Ansal Bhawan, 16, K G Marg, Connaught Place, New Delhi-110001<br>Email ID : vvmultiplex.ibc@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 29.06.2023 |
| 12. | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | NA |
| 13. | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class) | NA |
| 14. | (a) Relevant Forms and<br>(b) Details of authorized representatives are available at: | (a) Web link: **http://ibbi.gov.in.downloadform.html**<br>(b) NA |

***NA- Not Applicable***

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal has ordered the commencement of a corporate insolvency resolution process of **V V Multiplex Private Limited (formerly known as Vikas Multiplex Developers Private Limited)** on 15.06.2023.

The creditors of **V V Multiplex Private Limited (formerly known as Vikas Multiplex Developers Private Limited)**, are hereby called upon to submit their claims with proof on or before

29.06.2023 to the Interim Resolution Professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12, shall indicate its choice of authorised representative from among the three insolvency professionals listed against entry No.13 to act as authorised representative of the class [specify class] in Form CA. **Not Applicable**

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

INTERIM RESOLUTION PROFESSIONAL SANDEEP MAHAJAN NEW DELHI

**Mr. Sandeep Mahajan**
**Interim Resolution Professional**
**Reg No.: IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631**
**AFA Valid Upto: 19.12.2023**
**409, Ansal Bhawan, 16 K.G. Marg (Connaught Place), New Delhi - 110001**
**Email: vvmultiplex.ibc@gmail.com**
**Date: 17.06.2023**
**Place: Delhi**

सरकार की 'बिरसा हरित ग्राम' योजना भी गांवों को हरा-भरा बनाने में प्रभावी होगी। इस योजना को वरिष्ठ नागरिकों और बुजुर्गों के उन्नयन के लिए 9,538 ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित किया जा रहा है।
—— हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड

## संक्षिप्त खबरें

### नशा तस्कर गिरफ्तार



**देहरादून।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कैंट पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से 340 ग्राम चरस बरामद हुई है। कैंट पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान सर्किट हाउस चौकी के पास से नशा तस्करी के आरोप में शेखर पुंडीर निवासी किमाडी हाथीपांव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित के पास से 340 ग्राम चरस के अलावा 2330 रूपये बरामद हुए है। बरामद चरस की कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपित शेखर पुंडीर ने बताया कि वह नशे का आदी हूं और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चरस हिमाचल प्रदेश से कम दामों पर लाया था, जिसे यहां देहरादून में आने जाने वाले लोगो को ऊंचे दामों पर बेच देता है, जिससे उसे काफी मुनाफा हो जाता है।

### दस हजार रुपए का इनामी गिरफ्तार

**देहरादून।** गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे दस हजार रुपए के ईनामी गैंग लीडर को प्रेमनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रेमनगर पुलिस के अनुसार जहीर अब्बास (गैंगलीडर) निवासी रघुनाथ सुखमानपुर कीरतपुर बिजनौर पर लगातार गिरफ्तारी के प्रयास के बावजूद भी पुलिस टीम को सफलता नहीं मिल पाई, जिस पर एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने आरोपित जहीर अब्बास पर दस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया। इसके साथ ही प्रेमनगर पुलिस को तत्काल गिरफ्तार को निर्देशित किया। थाना प्रेमनगर पुलिस टीम के द्वारा लगातार मुखबिरों व इलैक्ट्रॉनिक सर्विलांस ,साइबर नेटवर्क की मदद व साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य के बिजनौर एसओजी से सम्पर्क कर मुखबिर तंत्र को बिजनौर मे सक्रिय किया। परिणामस्वरुप जहीर अब्बास (गैंगलीडर) के कीरतपुर बिजनौर में होने की सूचना पर थाना प्रेमनगर पुलिस टीम ने ईनामी जहीर अब्बास को कीरतपुर जनपद बिजनौर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपित बंद घरों में चोरी करने का अभ्यस्त है और थाना प्रेमनगर में आरोपित के खिलाफ कई मुकदमें दर्ज है।

# 'दिल में छेद' वाले पांच बच्चों का किया उपचार



बच्चों का सफल इलाज करने वाले डाक्टरों की टीम

- ग्राफिक एरा अस्पताल में कार्यशाला के दौरान किया बच्चों का इलाज
- जन्मजात हृदय विकार और इसके उपचार पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
**देहरादून।**

ग्राफिक एरा अस्पताल में जन्मजात हृदय रोगों पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें शिशुओं से लेकर वयस्कों तक हृदय विकार के साथ पैदा हुए मरीजों का उपचार भी किया गया।

निदेशक कार्डियक सांइसेज डॉ. अखिलेश पांडेय ने बताया कि जिन लोगों का जन्म दिल में छेद, हृदय की असामान्य संरचना या वाल्व की खराबी के साथ होता है, उन्हें जन्मजात हृदय विकार कहा जाता है। लक्षणों में त्वचा का नीला रंग (सायनोसिस), सांस फूलना, असामान्य धड़कन, बच्चे को पूरा दूध पीने में असमर्थता, बच्चे का वजन ना बढ़ना, छाती में संक्रमण और कभी-कभी मृत्यु शामिल हैं।

यदि किसी बच्चे में उपरोक्त लक्षण है तो उसका इकोकार्डियोग्राफी परीक्षण किया जाना चाहिए। ये रोग हल्के रूपों से लेकर जीवन के लिए घातक भी हो सकते हैं। जीवन के लिए खतरा होने पर कई बार तत्काल सर्जरी की भी जरूरत हो सकती है। वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राज प्रताप ने बताया कि जन्मजात हृदय विकार का इलाज पहले केवल ओपन हार्ट सर्जरी से होता था। लेकिन वर्तमान में डिवाइस क्लोजर से कई हृदय दोषों को बिना सर्जरी के ठीक किया जा सकता है, जिससे बड़ी सर्जरी और एनेस्थीसिया से बचा जा सकता है।

अस्पताल के निदेशक डॉ. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि कार्यशाला के दौरान डिवाइस क्लोजर पद्धति का उपयोग करके दिल में छेद वाले पांच बच्चों का सफल इलाज किया गया। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब उन्हें किसी दवा की भी जरूरत नहीं होगी। इलाज के अलावा डाक्टरों और विशेषज्ञों ने हृदय दोषों के लिए कार्डियोलाजी और इमेजिंग के क्षेत्र में नवीनतम विकास को भी साझा किया।

बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. केएल उमामहेश्वर, डॉ. हिमांशु राणा, डॉ. पुलकित मल्होत्रा, डॉ. एसपी गौतम, डॉ. अतुल, डॉ. शांतनु शुभम, डॉ. ऋचा आदि भी कार्यशाला में मौजूद रहे।

# भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र की ओर ले जाएंगे युवा : राज्यपाल

## यूपीईएस की भावपूर्ण संगीतमय पेशकश इंडिया लीड्स द वर्ल्ड लांच

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
**देहरादून।**

अमृतकाल के इस दौर में भारत प्रगति की ओर अग्रसर है। हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति और इतिहास को आधुनिक तकनीक के साथ मिलाकर चलना होगा। विकसित भारत का नेतृत्व युवा पीढ़ी को करना है। शक्ति और समृद्धि हासिल करने के लिए, सभी को संगठित रूप से आगे बढ़ना होगा। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपनों को पूरा करने के लिए हमें सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। यह बात राज्यपाल गुरमीत सिंह ने शुक्रवार को यूपीईएस विश्वविद्यालय में अतुल्य भारत को प्रदर्शित करते 'इंडिया लीड्स द वर्ल्ड' संगीत वीडियो का विमोचन करते हुए कही।

राज्यपाल ने यूपीईएस विश्वविद्यालय को टीम को इस अनूठे प्रयास के लिए बधाई दी और कहा कि उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से भारत की एकता और अखण्डता को प्रदर्शित किया है। एकता और एकजुटता का जो संदेश देने का कार्य किया है वह प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि यह संगीत वीडियो भारत के लिए इस भावना को दर्शाता है कि देश में जो परिवर्तन और प्रगति आ रही है वह भारत को निश्चित ही विश्वगुरु और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र की ओर ले जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी एकता है उसी भावना को इस वीडियो में प्रदर्शित किया गया है। दूसरे अन्य विशिष्ट अतिथि में सुनील उनियाल गामा मेयर देहरादून भी इस मौके पर मौजूद थे।



यूपीईएस में इंडिया लीड्स द वर्ल्ड संगीत वीडियो के विमोचन अवसर पर राज्यपाल व अन्य।

यूपीईएस विश्वविद्यालय के छात्रों व फैकल्टी का संगीत वीडियो उभरते हुए भारत देश को समर्पित है जो उस बदलाव का नेतृत्व कर रहा है जिसे दुनिया टकटकी लगाए देख रही है। इस वीडियो में विश्वविद्यालय के चेयरमैन, वाइस चांसलर और डीन जैसे वरिष्ठ अधिकारियों सहित सुरक्षा गार्ड, माली, आफिस ब्वाय सहित अन्य सदस्यों ने अभिनय किया है।

इस अवसर पर एचईआरएस के चेयरमैन शरद मेहरा ने संगीत वीडियो, भरतनाट्यम की सुंदरकला, आधुनिक नृत्य प्रदर्शन से लेकर हर तरह के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अवसर पर मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, यूपीईएस के चांसलर डा.सुनील राय, वाइस चांसलर डा.राम शर्मा, रजिस्ट्रार मनीष मदान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### भारतीय संगीत उस्तादों के काम को संजोता है वीडियो

भारत एक नए युग में प्रवेश कर रहा है और दुनिया के लिए एक आशा की किरण के रूप में उभर रहा है। यूपीईएस देहरादून ने राष्ट्र की भावना को सेलीब्रेट करने के लिए भावपूर्ण संगीत वीडियो लान्च किया है। यह म्यूजिकल वीडियो 'इंडिया लीड्स द वर्ल्ड' की एक आर्टिस्टिक और म्यूजिकल एक्सप्रेशन है। यह वीडियो भारत को न केवल दुनिया का सबसे युवा देश, सबसे बड़ा लोकतंत्र, अगली आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक महाशक्ति के रूप में दिखता और मनाता है बल्कि सबसे बड़ा मानव-1 केंद्रित राष्ट्र के रूप में भी मनाता है जो दुनिया के लिए प्रेरणा बन गया है। सिल्वरकर्ड फिल्म्स के सहयोग से बनाया गया, म्यूजिकल वीडियो उस महान भारतीय संगीत उस्तादों के काम को संजोता है, जिनके मूल गायन मिले सुर मेरा तुम्हारा' ने हर भारतीय के दिल को छू लिया।

# मौसम बदलेगा करवट चल सकती तेज हवाएं

- दून व आसपास के मैदानी इलाकों में भी आसमान में बादल छाने की संभावना
- पिछले दिनों की तरह शुक्रवार को भी मैदानी क्षेत्रों में भीषण गरमी का असर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
**देहरादून।**

राजधानी देहरादून व आसपास के मैदानी इलाकों में गरमी सितम ढा रही है। दोपहर को वातावरण में लू चल रही है। मैदान की अपेक्षा पर्वतीय क्षेत्रों में सुबह व शाम को गरमी का असर कुछ कम है। अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में शाम ढलते ही आसमान में बादल छा रहे हैं और बारिश की हल्की बौछार भी पड़ रही है, जिससे लोगों को गरमी से राहत मिल रही है।

शनिवार को राज्य में मौसम कुछ हद तक करवट बदल सकता है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि पर्वतीय क्षेत्रों में दोपहर बाद आसमान में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम गति की बारिश हो सकती है। कुछ जगह गरज के साथ बारिश की बौछार पड़ने व आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

वहीं मैदानी व पर्वतीय क्षेत्रों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चल सकती हैं। देहरादून व आसपास के मैदानी इलाकों में भी आसमान में आंशिक रूप से लेकर आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। बाद में कुछ क्षेत्रों में बारिश की बौछार पड़ सकती है। इसके साथ ही तेज रफ्तार हवा भी चल सकती है। यहां पर तापमान का अधिकतम व न्यूनतम स्तर क्रमशः 37.0 व 24.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।



इधर, शुक्रवार को भी मैदानी क्षेत्रों में तपती गरमी का असर रहा। दोपहर को वातावरण में लू के थपेड़े चलने से लोग अपने घरों के अंदर दुबके रहे। दून में आज अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 37.8 व 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी तरह ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, पंतनगर व आसपास के मैदानी इलाकों में भी भीषण गरमी पड़ रही है।

# ऑफिस में घुसकर मारपीट तोड़फोड़ की, दो भाई नामजद

## ऑफिस में लगी डीवीआर तोड़कर आरोपित अपने साथ ले गए

**देहरादून(एसएनबी)।** ऑफिस में घुसकर दो भाईयों ने एक शख्स के साथ मारपीट और तोड़फोड़ की। ऑफिस में लगी डीवीआर तोड़कर आरोपित अपने साथ ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पटेलनगर पुलिस ने आरोपित भाईयों को नामजद करते हुए उनके साथियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है।

मामले में यमुना टावर निकट देहरा खास दून मेडिकल कालेज के रहने वाले ईशांत वाधवा ने पटेलनगर पुलिस को शिकायत दी है। ईशांत वाधवा ने पुलिस को बताया कि 15 जून की रात लगभग आठ बजे वह अपने दून मेडिकल कालेज के पास स्थित ऑफिस में काम कर रहा था। इसी दौरान ललित शर्मा अपने भाई निखिल शर्मा और अन्य साथियों के साथ उसके ऑफिस में घुस आया। अंदर घुसते ही आरोपितों ने उससे गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी और ऑफिस में तोड़फोड़ करने लगे।

आरोपित डीवीआर तोड़कर भी अपने साथ ले गए और जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित ललित शर्मा और उसके भाई निखिल शर्मा को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में जरूरी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# महिला और बच्चों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

- बंदूक लेकर खींची गई फोटो व्हाट्सएप कर दी जा रही धमकी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
**देहरादून।**

इस बार दूसरे धर्म की एक महिला ने अपने भतीजे की पत्नी और उसके दो बच्चों का जबरन धर्म परिवर्तन करा देने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आरोपित बंदूक लेकर खींची गई फोटो व्हाट्सएप पर उसे धमका रहा है। महिला की शिकायत पर नेहरू कॉलोनी पुलिस ने आरोपित को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामले में महिला ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उसके भतीजे की पत्नी नवादा में रहती है। भतीजे के दो बच्चे है। दो जून को राजेन्द्र पंवार निवासी जोगीवाला व उसके अन्य दो तीन साथी उसके भतीजे की पत्नी के घर पहुंचे और भतीजे की पत्नी व दोनों बच्चों को डरा धमकाकर घर से उठा ले गए। इसके बाद 11 जून को उस के भतीजे की पत्नी को डरा धमकाकर जबरदस्ती पण्डित से फेरे करा दिए और दोनों नाबालिग बच्चों का भी धर्मान्तरण करा दिया।

महिला के अनुसार उसका भतीजा जेल में है। आरोपित राजेन्द्र पंवार फोन कर अपनी बंदूक लेकर फोटो व्हट्सअप पर डाल रहा है और उसको धमकी दे रहा है कि उन सभी को जान से मार देंगे और देहरादून शहर में दो धर्मों के दंगे करा देंगे। पीड़ित महिला ने अंदेशा जताया के आरोपित उसके भतीजे की पत्नी और दोनों बच्चों को मार कर गायब करा सकता है।

पीड़ित महिला के अनुसार आरोपित के कई अपराधी प्रवृत्ति के लोगों से संबंध है और पूर्व में जेल जा चुका है। महिला की शिकायत पर नेहरू कॉलोनी पुलिस ने आरोपित को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच और जरूरी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# कमाई का झांसा देकर खाली कर दिया खाता

- यू-ट्यूब वीडियो सब्सक्राइब करने का दिया था ऑनलाइन टास्क

**देहरादून(एसएनबी)।** यूट्यूब वीडियो लाइक और सब्सक्राइब करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देख देकर ठगों ने एक युवक के खाते से करीब चार लाख की रकम साफ कर दी। पीड़ित की शिकायत पर डालनवाला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।मामले में उग्र रोड निकट कोरोनेशन अस्पताल के रहने वाले निकुंज अग्रवाल ने पुलिस को शिकायत दी है। निकुंज अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि 27 मई को उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को नीलसन इण्डिया मीडिया कंपनी में एचआर बताया और उसे यूट्यूब के वीडियो लाइक और शेयर करने का पार्ट टाइम जॉब देने की बात कही।वीडियो लाइक करने पर उसे शुरू में मामूली सी रकम भेजी गई। इसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप जॉइन करने के लिए एक लिंक भेजा गया। लिंक भेजने के बाद उसकी यूपीआई आईडी समेत अन्य डिटेल मांगी गई। इस ग्रुप ज्वाइन करने के लिए अलग-अलग शुल्क के नाम पर उससे खाते से तीन लाख अस्सी हजार रुपए साफ कर दिए गए।खाते से इतनी बड़ी रकम साफ होने के बाद उसे अपने साथ हुई ठगी और धोखाधड़ी का एहसास हुआ। निकुंज की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## कार्यालय नगर निगम हरिद्वार

पत्रांकः 107/सै.सै. (न.नि.हरि.)/2023-24 दिनांक 16.06.2023

**पुनः ई-निविदा सूचना**

नगर निगम हरिद्वार द्वारा कावड मेला-2023 में सफाई हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मियों को रखे जाने हेतु टू-बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) प्रक्रिया के माध्यम से www.uktenders.gov.in पर पुनः ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| S.No. | Scheduled/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date of Online publication | 17.06.2023 | 12:00 PM |
| 2. | Document Download start Date | 17.06.2023 | 01:00 PM |
| 3. | Bid submission Start Date | 17.06.2023 | 01:00 PM |
| 5. | Bid submission End Date | 23.06.2023 | 01:00 PM |
| 6. | Offline Submission of Hard/Original copy of Document End date | 23.06.2023 | 02:00 PM |
| 7. | Bid opening Date (Technical) | 23.06.2023 | 03:00 PM |

उपरोक्त निविदा व तिथियों में कोई भी संशोधन/परिवर्तन मात्र www.uktenders.gov.in वेबसाईट पर ही Publish किया जायेगा।

**वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम हरिद्वार**


# हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर की ठगी

- राजपुर पुलिस ने आरोपित को नामजद कर मुकदमा किया
- 18 लोगों के लिए हैलीकॉप्टर बुकिंग करने के लिए किया था आरोपित से संपर्क
- यात्रियों ने बुकिंग के लिए एक लाख 80 हजार की रुपये का भुगतान डिजिटल किया




- आरोपित रकम लौटाने के बजाय उनसे गाली-गलौज कर धमकी दे रहा,पुलिस कर रही है मामले की जांच

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
**देहरादून।**

महाराष्ट्र के यात्रियों से केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग की पूरी रकम लेने के बाद भी उनके लिए हेलीकॉप्टर की बुकिंग नहीं करवाई गई। पीड़ित की शिकायत पर राजपुर पुलिस ने आरोपित को नामजद करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामले में ईस्टन स्पोर्ट कलह इस्ट वर्धमान नगर महाराष्ट्र के रहने वाले विनीत झंवर ने राजपुर पुलिस को शिकायत दी है। विनीत ने पुलिस को बताया कि वह नागपुर से 18 लोग चारधाम की यात्रा के लिए आए थे। अनुराग उनियाल ने केदारनाथ की यात्रा के लिए 18 लोगों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग करने के लिए संपर्क किया और हेलीकॉप्टर बुकिंग का आश्वासन दिया। इसके एवज में एक लाख 80 हजार रुपये टिकट बुक करने से पहले मांग लिए गए।

उन्होंने एक लाख 80 हजार की रुपये का भुगतान डिजिटल माध्यम से कर दिया। जब उन्होंने टिकट के लिए फोन किया वह बहाने बनाता रहा और बार बार झूठ बोलता रहा। आरोपित ने फिर उन्हें 28 मई को बारह बजे तक का समय दिया कि उन्हें हेलीकॉप्टर से फाटा से केदारनाथ भेज दिया जायेगा। वह भी उसने झूठ बोला जिससे वह सब यात्रा करने से वंचित रह गये। समय की कमी के कारण सभी ने यात्रा को रोकने और वापस जाने का निर्णय लिया।

टिकट की रकम वापस मांगने पर आरोपित ने उनके खाते में रकम भेज देने की बात कही। लेकिन अब तक रकम उनके खाते में नहीं आई है। वह रोज उसे अपनी रकम के लिए फोन करते है, लेकिन अब आरोपित रकम लौटाने के बजाय उनसे गाली-गलौज कर धमकी दे रहा है। पीड़ित की शिकायत पर राजपुर पुलिस ने आरोपित को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में जरूरी कानूनी कार्रवाई कर रही है।


## गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि.

पत्रांकः 189/ई.अनु.(नौ)-निविदा दिनांक 16.06.2023

**ई-निविदा सूचना**

प्रबन्ध निदेशक, गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि. 74/1 राजपुर रोड, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 1) जनपद रूद्रप्रयाग में स्थित जिम कार्बेट संग्रहालय की फर्नीशिंग के कार्य 2) मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद टिहरी के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर हेतु की गयी घोषणा संख्या 1101/2021 ''नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत घण्टाकर्ण मंदिर, गजा परिसर में विश्राम गृह का निर्माण कार्य'' 3) मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद टिहरी के विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग हेतु की गयी घोषणा संख्या-1305/2021 'जखलेश्वर महादेव जखण्ड का सौन्दर्यीकरण' कार्य 4) मा. मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या-1302/2021 'किलकिलेश्वर मन्दिर चौरास का सौन्दर्यीकरण' कार्य हेतु ई-निविदा के माध्यम से दिनांक 06.07.2023 को अपरॉहन 1500 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरॉहन 1530 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र, नियम, शर्ते आदि की जानकारी उत्तराखण्ड राज्य की अधिकृत वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर दिनांक 19.06.2023 को अपरॉहन 1700 बजे से प्राप्त की जा सकती है।

**महाप्रबन्धक (निर्माण)**

फॉर्म-ए

## सार्वजनिक घोषणा

भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन) ''वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड)'' के लेनदारों के ध्यानाकर्षण हेतु

| प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|
| 1. कॉर्पोरेट ऋणी का नाम | वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड) |
| 2. कॉर्पोरेट ऋणी के गठन की तिथि | 29/11/2006 |
| 3. प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी गठित/पंजीकृत है | आरओसी-कानपुर |
| 4. कॉर्पोरेट ऋणी की कॉर्पोरेट आइडेंटिटी सं. | U45201UP2006PTC032578 |
| 5. कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | पंजीकृत कार्यालयः एफ.एफ.-53, प्रथम तल, अंसल फॉर्च्यून आर्केड (एएफए) सेक्टर-18 नोएडा गौतम बुद्ध नगर यूपी 201301 |
| 6. कॉर्पोरेट ऋणी के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि | 15.06.2023 (दिनांक 16-06-2023 को प्राप्त आदेश की प्रति) |
| 7. दिवालियापन संकल्प प्रक्रिया को बंद करने की अनुमानित तारीख | 12.12.2023 |
| 8. अंतरिम समाधान पेशेवर का नाम, पता, ई-मेल पता और पंजीकरण क्रमांक | श्री संदीप महाजन पंजीकरण नं. IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631 |
| 9. अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ईमेल पता जो समिति के पास पंजीकृत हो | पताः सी2/288, जनक पुरी, नई दिल्ली- 110058 ईमेलः sandeep8mahajan@gmail.com |
| 10. अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल | पताः फ्लैट नं. 409, चतुर्थ मंजिल, अंसल भवन, 16 के जी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली -110001, ईमेलः vvmultiplex.ibc@gmail.com |
| 11. दावों के निवेदन की अंतिम तिथि | 29.06.2023 |
| 12. धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत लेनदारों की कक्षाएं, यदि कोई हों, अंतरिम संकल्प पेशेवर द्वारा निर्धारित | लागू नही |
| 13. दिवालियापन पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने जाते हैं (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नही |
| 14. (क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | (क) वेबलिंक http://ibbi.gov.in.downloadform.html (ख) लागू नहीं |

*एनए–लागू नहीं

इस प्रकार नोटिस दिया गया है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, ने 15-06-2023 को **वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड)** के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवालियापन प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

**वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड)** के क्रेडिटर्स को 29-06-2023 को या उससे पहले अपने दावों का सबूत प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जो एंट्री नं. 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को देना हैं।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों से दावों का सबूत जमा करेंगे। अन्य लेनदारों समेत परिचालन लेनदारों को पोस्ट द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दावों का सबूत जमा कर सकते हैं।

एंट्री नं. 12 के खिलाफ सूचीबद्ध एक वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, क्लास [निर्दिष्ट क्लास] फार्म सी ए : लागू नहीं में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए एंट्री नं. 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन दिवालिया पेशेवरों में से अर्थित प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।

दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना आकर्षित होगा।

**श्री संदीप महाजन**
**अंतरिम समाधान पेशेवर**
**पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631
**एएफए वैधः 19.12.2023 तक**
तिथिः 17-06-2023 **409, अंसल भवन, 16 के.जी. मार्ग (कनॉट प्लेस), नई दिल्ली – 110001**
स्थानः दिल्ली **ईमेलः** vvmultiplex.ibc@gmail.com

## गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि.

पत्रांकः 190/ई.अनु.-(नौ)-निविदा दिनांक 16.06.2023

**निविदा सूचना**

प्रबन्ध निदेशक, ग.म.वि.नि. 74/1 राजपुर रोड, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय सं. 1 से 4 तक के कार्य हेतु क-श्रेणी में पंजीकृत विद्युत लाईसेन्स धारी फर्मो/ठेकेदारों, क्र.सं. 5 हेतु सम्बन्धित क्षेत्र में कार्य करने वाली दक्ष व अनुभवी फर्मो से मुहर बन्द निविदायें दिनांक 30.06.2023 को अपराहन 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपराहन 3.30 बजे निविदा समिति द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निविदा प्राप्त करने/खोले जाने की तिथि में अवकाश घोषित होने पर अगले कार्यदिवस मे निविदा प्राप्त कर खोली जायेगी। निविदा हेतु धरोहर राशि महाप्रबन्धक (निर्माण) के पक्ष में एफ.डी.आर./सी.डी.आर. के रूप में बन्धक होनी चाहिये। निविदा की वैधता 3 माह होगी। निविदा प्रपत्र, निविदा खोले जाने की तिथि से एक दिन पूर्व तक प्रत्येक कार्य दिवस में निगम कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी) अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद चमोली के अन्तर्गत एस्ट्रोबिलेज बेनीताल में निर्माणाधीन एस्ट्रोहट्स, बेनीहट्स, रिसेप्शन, रेस्टोरेंट, ओबस्रवेट्री, पार्किंग, डोरमेंट्री आदि में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 28000.00 | 1500.00+GST | 09 माह |
| 2. | जनपद उत्तरकाशी के अगोडा ग्राम में ट्रैकिंग ट्रेक्शन सेन्टर (होम स्टे) योजनान्तर्गत सामुदायिक केन्द्र के निर्माण कार्य के अन्तर्गत विद्युतीकरण का कार्य। | 44000.00 | 2000.00+GST | 09 माह |
| 3. | मा. पर्यटन मंत्री जी के विधानसभा क्षेत्र ''चौबट्टाखाल के अन्तर्गत सतपुली में निर्माणाधीन पर्यटक आवास गृह एवं बैडिंग हॉल हेतु आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 33000.00 | 1500.00+GST | 09 माह |
| 4. | जनपद पौड़ी के रसिया महादेव में निर्माणाधीन पर्यटक आवास गृह में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 46000.00 | 2000.00+GST | 09 माह |
| 5. | बेनीताल, तहसील कर्णप्रयाग जनपद चमोली में एस्ट्रो विलेज हेतु टयूबवैल का निर्माण कार्य। | 16000.00 | 1000.00+GST | 01 माह |

उपरोक्त कार्यों का विस्तृत विवरण, नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

**महाप्रबन्धक (निर्माण)**

मुठभेड़ में पांच विदेशी आतंकवादी मारे गए। इलाके में तलाश जारी है।

—— विजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कश्मीर



सरकार की 'बिरसा हरित ग्राम' योजना भी गांवों को हरा-भरा बनाने में प्रभावी होगी। इस योजना को वरिष्ठ नागरिकों और बुजुर्गों के उन्नयन के लिए 9,538 ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

—— हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना संभावित स्थलों को सुधारने की पहल

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

■ परियोजना निदेशकों को ब्लैक स्पॉट ठीक कराने के लिए दस लाख रुपए तक के सुधार का अधिकार

■ एनएचएआई ने अल्पावधि उपायों को लागू करने के दिशानिर्देश जारी किए

सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएनएआई) ने पहल की है। एनएचएआई ने अल्पावधि उपायों को लागू करते हुए राष्ट्रीय राजमार्गो पर दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) को सुधारने के लिए दिशानिर्देश जारी किये है।

इन दिशानिर्देशों के तहत एनएचएआई के परियोजना निदेशकों को संबंधित राज्य पुलिस प्रमुख या जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा पहचान किये गये दुर्घटना संभावित स्थलों को प्रति स्थल अधिकतम 10 लाख रुपए की राशि से सुधारने का अधिकार दिया गया है। प्रति स्थल 10 लाख रुपए से अधिक और 25 लाख रुपए तक की लागत वाले अल्पकालिक उपायों का अधिकार संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को सौंपा गया है।

यह वित्तीय अधिकार एनएचएआई द्वारा पूर्व में जारी उन दिशा-निर्देशों से अलग हैं। जहां परियोजना निदेशक प्रति ब्लैक स्पॉट 25 लाख रुपए तक की लागत वाले अल्पकालिक उपायों के माध्यम से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ब्लैक स्पोर्ट को सुधारने की मंजूरी दे सकते है। किसी परियोजना से संबंधित विभिन्न दुर्घटना स्थलों को शामिल करते हुए भी दुर्घटना संभावित स्थलों में सुधार करने का कार्य किया जा सकता है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने निर्धारित मानदंडों के अनुसार ब्लैक स्पॉट्स अधिसूचित करता है। हालांकि राष्ट्रीय राजमार्गो पर सड़क सुरक्षा बढ़ाने और उपयोगकर्ता की सुविधाओं के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ब्लैक स्पॉट्स के अलावा अल्पावधि उपायों के साथ दुर्घटना संभावित स्थलों में सुधार करने के लिए यह सक्रिय पहल की है।

अल्पावधि उपायों में अग्रिम चेतावनी देने वाले संकेतों में जेबरा क्रॉसिंग, क्रैश बैरियर्स और रेलिंग, जंक्शन सुधार, सोलर लाइट/ब्लिंकर, सड़क संकेतक और यातायात नियंत्रण उपायों को लागू करने जैसी पैदल यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराना शामिल हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा बेहतर करना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एक सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुचारू और निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



# तेज आंधी व बारिश से भीगी दिल्ली

■ बारिश के बाद उमस और गर्मी से हुए परेशान दिल्लीवासी

■ सोमवार तक ऐसा ही बना रहेगा दिल्ली का मिजाज

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

शुक्रवार दोपहर तेज बारिश से दिल्ली के लोगों को गर्मी से बहुत हद तक राहत मिली, लेकिन बारिश थमने के बाद उमस व गर्मी ने दिल्ली के लोगों का बुरा हाल कर दिया। स्थिति यह हो गयी कि दिल्ली के लोग चिपचिपाहट वाले पसीने से परेशान हो गए। शाम ढलने के बाद भी उमस वाली गर्मी से राहत नहीं मिली।

शुक्रवार दोहपर अचानक तेज आंधी के साथ कुछ एक इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के समय तो मौसम सुहाना हो गया, लेकिन उसके बाद वातारवरण में आद्रता का स्तर बढ़ने के साथ ही चिपचिपाहट से लोगों का बुरा हाल हो गया। दिन में दिल्ली में औसत बारिश का आंकड़ा 6.8 मिमी रिकार्ड किया गया। इस दौरान पालम में 15.2 मिमी और मयूर विहार में 7 मिमी लोधी रोड इलाके मे 3.8 मिमी रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.6 और न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो आज का सामान्य तापमान रहा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के मुताबिक शनिवार को यहां का तापमान 39 और 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा और दिन में 35-45 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलेगी। कल भी कुछ एक इलाकों में कही हल्की और कही तेज बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने तो सोमवार तक दिल्ली में ऐसा ही मौसम के बना रहने और कुछ एक इलाको में तेज तो कही हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

बारिश के बाद दिल्ली की सड़कों पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई और जाम की स्थित बन गई थी। जिन इलाकों में तेज वारिश हुई थी उन इलाकों में सड़कों के किनारे पानी भर गया था। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में दिल्ली के मौसम में बदलाव आने और आद्रता के स्तर में इजाफा होने की भी संभावना जताई है। इसकी वजह से उमस बढ़ने की भी संभावना है।

फॉर्म-ए

**सार्वजनिक घोषणा**

भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन) "वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड)" के लेनदारों के ध्यानाकर्षण हेतु

| प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|
| 1. कॉर्पोरेट ऋणी का नाम | वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड) |
| 2. कॉर्पोरेट ऋणी के गठन की तिथि | 29/11/2006 |
| 3. प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी गठित/पंजीकृत है | आरओसी-कानपुर |
| 4. कॉर्पोरेट ऋणी की कॉर्पोरेट आइडेंटिटी सं. | U45201UP2006PTC032578 |
| 5. कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | पंजीकृत कार्यालयः एफ.एफ.-53, प्रथम तल, अंसल फॉर्च्यून आर्केड (एएफए) सेक्टर-18 नोएडा गौतम बुद्ध नगर यूपी 201301 |
| 6. कॉर्पोरेट ऋणी के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि | 15.06.2023 (दिनांक 16-06-2023 को प्राप्त आदेश की प्रति) |
| 7. दिवालियापन संकल्प प्रक्रिया को बंद करने की अनुमानित तारीख | 12.12.2023 |
| 8. अंतरिम समाधान पेशेवर का नाम, पता, ई-मेल पता और पंजीकरण क्रमांक | श्री संदीप महाजन पंजीकरण नं. IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631 |
| 9. अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ईमेल पता जो समिति के पास पंजीकृत हो | पताः सी2/288, जनक पुरी, नई दिल्ली- 110058 ईमेल: sandeep8mahajan@gmail.com |
| 10. अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल | पताः फ्लैट नं. 409, चतुर्थ मंजिल, अंसल भवन, 16 के जी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली -110001, ईमेल: vvmultiplex.ibc@gmail.com |
| 11. दावों के निवेदन की अंतिम तिथि | 29.06.2023 |
| 12. धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत लेनदारों की कक्षाएं, यदि कोई हों, अंतरिम संकल्प पेशेवर द्वारा निर्धारित | लागू नही |
| 13. दिवालियापन पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने जाते हैं (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नही |
| 14. (क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | (क) वेबलिंक http://ibbi.gov.in.downloadform.html (ख) लागू नहीं |

*एनए–लागू नहीं

इस प्रकार नोटिस दिया गया है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, ने 15-06-2023 को **वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड)** के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवालियापन प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

**वी वी मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड)** के क्रेडिटर्स को 29-06-2023 को या उससे पहले अपने दावों का सबूत प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जो एंट्री नं. 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को देना हैं।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों से दावों का सबूत जमा करेंगे। अन्य लेनदारों समेत परिचालन लेनदारों को पोस्ट द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दावों का सबूत जमा कर सकते हैं।

एंट्री नं. 12 के खिलाफ सूचीबद्ध एक वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, क्लास [निर्दिष्ट क्लास] फार्म सी ए : लागू नहीं में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए एंट्री नं. 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन दिवालिया पेशेवरों में से अर्थित प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।

दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना आकर्षित होगा।

श्री संदीप महाजन
अंतरिम समाधान पेशेवर
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631
एएफए वैधः 19.12.2023 तक

